**खबर संक्षेप**

## पंचायत सचिवों पर शास्ति अधिरोपित करने के दिये निर्देश

**कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय-सीमा बीत जाने के बाद भी जन्म, मृत्यु और विवाह पंजीयन के लंबित पड़े 14 आवेदनों पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रूख अपनाते हुये आवेदनों को लंबित रखने वाले पंचायत सचिवों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। लोक सेवा गारंटी पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलाज, थनौरा, रैपुरा, खिरहनी में जन्म का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु एक-एक आवेदन लंबित है। इसी प्रकार मृत्यु का अप्राप्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु ग्राम पंचायत निटर्रा और बड़वारा में एक-एक जबकि ग्राम पंचायत परसेल में दो आवेदन लंबित है। इसके अलावा ग्राम पंचायत धवैया, बरहटा, थनौरा और तिघराकला में विवाह पंजीयन के एक-एक जबकि निटर्रा में दो आवेदन लंबित है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग को लंबित पड़े प्रकरणों को 'स्वप्रेरणा' से अपील में लेकर अधिनियम की धारा 07 के तहत पदाभिहित अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित करते हुए 7 दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## 430 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद पहुंची

**कटनी।** रबी फसलों के लिए यूरिया खाद की एक रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 430 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक प्वाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र को 90 मीट्रिक टन व बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र और मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 60-60 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 220 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक 9 अप्रैल को

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गुरूवार 9 अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के नवीन सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के शत प्रतिशत नामांकन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क सायकिल वितरण, जर्जर शाला भवन, शौचालय की स्थिति और छात्र-छात्राओं के आधार अपडेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी।

### कलेक्टर की सख्ती के बाद अवैध उत्खनन में लिप्त माफियाओं के विरूद्ध प्रशासनिक कसावट

# खनिज माफियाओं पर कार्रवाई : नदी घाटों के अस्थायी रास्ते कराए ध्वस्त, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने बुधवार को बड़वारा तहसील के विभिन्न नदी घाटों पर सघन अभियान चलाया, जिसमें कई अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई गई।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रमोद चतुर्वेदी के नेतृत्व में खनिज, राजस्व, परिवहन और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने क्षेत्र के बसाड़ी, भदौरा, सकरीगढ़, सुड्डी सहित आसपास के नदी घाटों पर दबिश देकर व्यापक निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान पाया गया कि स्थानीय स्तर पर अवैध खनन और परिवहन को सुगम बनाने के लिए कई अस्थायी पहुँच मार्ग बनाए गए थे। संयुक्त अमले की मौजूदगी में इन सभी अवैध रास्तों को जेसीबी मशीन द्वारा पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे खनिज माफियाओं की गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लग सके। निरीक्षण के दौरान



अवैध परिवहन में संलिप्त एक वाहन को भी जब्त किया गया और उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई में पुलिस, राजस्व, खनिज और परिवहन विभाग की सक्रिय भूमिका रही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई में अनुविभागीय दंडाधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी, उपसंचालक खनिज आर.के. दीक्षित,



तहसीलदार बड़वारा ऋषि गर्ग, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रामटेके, उपनिरीक्षक पुलिस रामनाथ साकेत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 9 वाहनों पर कार्रवाई, बसें और ट्रक किये जब्त

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन बुधवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में कटनी–कैमोर रोड पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान सड़क पर गुजर रहे वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों, फिटनेस और ओवरलोडिंग की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान दो दर्जन से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 9 वाहन विभिन्न अनियमितताओं में लिप्त पाए गए। परिवहन विभाग ने सभी दोषी वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 5 वाहनों को थाना कुठला तथा 4 वाहनों को थाना कैमोर में सुरक्षित खड़ा कराया।

जांच के दौरान एक ट्रक बिना वैध परमिट के संचालित होता पाया गया, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। वहीं दो यात्री बसें बिना परमिट, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र और बिना टैक्स के संचालित होती मिलीं। इन बसों के खिलाफ भी मौके पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें जब्त कर संबंधित थानों में खड़ा कराया गया। इसके अलावा कई अन्य वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक भार पाया गया। ओवरलोडिंग को गंभीर उल्लंघन मानते हुए विभाग ने ऐसे सभी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की और उन्हें जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और सड़कों को भी भारी नुकसान होता है। अभियान के दौरान वाहन चालकों को नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन न करें और ओवरलोडिंग से बचें।

एआरटीओ संतोष पॉल ने बताया कि जिले में नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने वाहन मालिकों और चालकों से अपील की कि वे परमिट, फिटनेस, टैक्स और अन्य आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके।



## प्रतिबंध के बाद भी खेतों में नरवाई जला रहे किसान

**उमरियापान।** ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं फसल की कटाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई को नष्ट करने के लिए अधिकांश किसान आग लगा रहे हैं। जिला प्रशासन ने खेतों में आग जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। बावजूद उमरियापान, ढीमरखेड़ा, सिलौंड़ी,धरवारा और खमतरा क्षेत्र के गांवों में किसानों द्वारा फसल की कटाई के बाद नरवाई में आग जलाई जा रही है। आग जलाने के पर्यावरण को तो नुकसान हो ही रहा है, वहीं खेतों में रखें कृषि उपकरण जलकर खराब हो रहे है। जिन किसानों की फसल नहीं कटी हैं, उन्हें ज्यादा परेशान होना पड़ता है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि नरवाई जलाने के बजाय वैकल्पिक उपाय अपनाएं, जैसे कि हैप्पी सीडर, रोटावेटर या मल्चर जैसी कृषि यंत्रों का उपयोग करें। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर जैविक खाद का कार्य करती है और भूमि की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होती है। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि नरवाई में आग लगाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है।

# लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के बैनर तले बुधवार को बड़ी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर एकत्रित हुए और अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने शासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना नियुक्ति दिनांक से किए जाने की प्रमुख मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन



कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जावेगा

### ज्ञापन में ये की गई मांगें

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विपरीत है। ज्ञापन में बताया गया कि 3 सितंबर 2001 के पूर्व एवं पश्चात नियुक्त शिक्षकों सहित वर्ष 2011 से 2014 के बीच नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट का प्रावधान पहले से ही है। इसके बावजूद विभागीय आदेशों के माध्यम से शिक्षकों पर टीईटी उत्तीर्ण करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे शिक्षकों में मानसिक तनाव की स्थिति बन रही है। संयुक्त मोर्चा ने इन आदेशों को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

शिक्षकों ने ज्ञापन में यह भी मांग रखी कि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए और उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, ताकि पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण सहित अन्य वैधानिक लाभ सुनिश्चित हो सकें। संयुक्त मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि शासन इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए न्यायोचित निर्णय लेगा और शिक्षकों को राहत प्रदान करेगा।

## वृंदावन ग्राम के लिये बरन महगवां पंचायत का हुआ चयन



जनपद पंचायत बड़वारा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा तेकाम की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की संयुक्त बैठक मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत वृंदावन ग्राम में कार्य योजना तैयार करने के संबंध में आयोजित हुई। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने प्रत्येक विधानसभा में वृंदावन ग्राम के चयन हेतु जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। आयोजित बैठक में महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, आजीविका मिशन, उद्यानिकी, जन जातीय कार्य, वेटरनरी, उद्योग रोजगार एवं कौशल उन्नयन, कृषि विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में विधानसभा विजयराघवगढ़ स्थित वृंदावन ग्राम बरन महगवां का चयन करते हुए कार्य योजना तैयार करने के संबंध में विस्तार से गहन चर्चा कर समीक्षा की गई। जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ सुश्री प्रभा तेकाम ने अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार कार्य योजना तैयार कर नियत समय सीमा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

# ढीमरखेड़ा एवं बड़वारा विकासखंड में ई विकास प्रणाली के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण करने के लिये कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 1 अप्रैल से 'ई-विकास' (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू हो गई है।

ई-विकास प्रणाली के सफल संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सहायक, पटवारी, पैक्स के समिति प्रबंधक और डबल लॉक केंद्रों के प्रभारियों को 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर इन सभी शासकीय सेवकों को नई प्रणाली की बारीकियां सिखा रहें हैं।

जारी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को विकासखंड रीठी और बहोरीबंद में प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विकासखंड ढीमरखेड़ा और बड़वारा में 9 अप्रैल को जबकि विकासखंड विजयराघवगढ़ और कटनी में 10 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रशिक्षण के आयोजन के लिए इनकी लगी ड्यूटी

कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी एसडीएम और जनपद पंचायतों के सीईओ को प्रशिक्षण स्थल के चयन और आवश्यक तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। जबकि उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त सहकारिता एवं जिला विपणन अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान कृषि विस्तार अधिकारियों, समिति प्रबंधकों और डबललॉक प्रभारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अलग-अलग विकासखंडों में प्रशिक्षण देने के लिए कृषि विस्तार अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स कालू चौधरी, मोहन सोलंकी, विकास पाटीदार, रामाकांत गौर और हरिओम चंद्रवंशी को नियुक्त किया गया है।

### ई-विकास' प्रणाली

ई-विकास प्रणाली किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की एक नई पहल है। इसके माध्यम से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता आएगी और किसानों को खाद के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और वास्तविक लाभार्थी तक आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

**जिले में आज से मनया जाएगा पोषण पखवाड़ा, दिये निर्देश**

# बच्चों के मानसिक विकास पर रहेगा विशेष फोकस, जंक फूड के बताये जाएंगे दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 8वां "पोषण पखवाड़ा" मनाया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़े का मुख्य थीम "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पोषण पखवाड़े के व्यवस्थित व सुचारू आयोजन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं।

पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को आंगनवाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान "पोषण पर चर्चा" कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा।

पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार और समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार मानव मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास जन्म से 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पोषण पखवाड़े में परिवारों और समुदायों में ऐसे व्यवहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत बनाते हैं।

अभियान के तहत विभिन्न तिथियों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर, पोषण संबंधी कहानी वाचन, दादी-नानी के अनुभव साझा कार्यक्रम, स्थानीय खाद्य सामग्रियों से पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता, जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता रैली, बच्चों के विकासात्मक मील के पत्थरों की पहचान अभियान तथा माता-पिता के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने, खेल आधारित सीखने, माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने तथा सामुदायिक सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों को मजबूत बनाने के लिए भी विशेष गतिविधियाँ होंगी। 22 अप्रैल को पंखुड़ी पोर्टल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए सामुदायिक सहयोग एवं दान अभियान चलाया जाएगा, जबकि 23 अप्रैल को पोषण मेला आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पोषण पखवाड़े में रैलियां, पोषण वाटिका निर्माण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, सोशल मीडिया अभियान तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान से संबंधित गतिविधियों की जानकारी पोषण अभियान के जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज की जाएगी।

### खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा किया गया निरीक्षण, जांच के लिए भेजे नमूने

# मिनरल वाटर फैक्ट्री और होटल में मिली अनियमितताएं, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के चाका बायपास स्थित इच्छा मिनरल निर्माण इकाई एवं जुहला बायपास स्थित राघव रीजेंसी होटल का औचक निरीक्षण किया, जहां कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

### मिनरल वाटर फैक्ट्री में दस्तावेजों का अभाव

चाका बायपास स्थित इच्छा मिनरल इकाई के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं मिनरल वाटर का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर मौजूद प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों के चिकित्सा प्रमाण पत्र, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं पेस्ट कंट्रोल से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर संबंधित खाद्य कारोबारी को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही "इच्छा" ब्रांड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर एवं "एक्वा लाइन" के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए हैं।

### एक्सपायरी खाद्य सामग्री और गंदगी मिली

इसके बाद टीम ने जुहला बायपास स्थित राघव रीजेंसी होटल के किचन एवं स्टोर का निरीक्षण



किया। जांच के दौरान स्टोर में डालडा वनस्पति के पैकेट, पिज्जा बेस, साबूदाना, ओरिगैनो लीव्स एवं राजमा एक्सपायरी डेट के पाए गए। टीम ने मौके पर ही इन सभी खाद्य पदार्थों का विनष्टीकरण कराया।

किचन की स्थिति भी अत्यंत खराब पाई गई। साफ-सफाई का स्तर निम्न था और कर्मचारियों के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे एप्रन और ग्लव्स नहीं थे। खाद्य गुणवत्ता में संदेह के आधार पर पनीर, तुवर दाल (टुकड़ा) एवं नूडल्स के नमूने जांच हेतु लिए गए।

### सख्त कार्रवाई की तैयारी

होटल प्रबंधन भी कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल एवं प्रशिक्षण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया जा रहा है। दोनों प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार आकाश नीरज, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी, ओम प्रकाश साहू एवं बृजेश विश्वकर्मा शामिल रहे। जिला प्रशासन ने ताकीद किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध लगातार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।



## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक में कैश ना मिलने के लोग परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी सेंट्रल बैंक में सिलौंडी क्षेत्र के लगभग 40 गांव के लोगो के खाते है परंतु महीने में 10 से 12 दिन कैश ना होने के कारण सेंट्रल बैंक के ग्राहक परेशान है ।स्थानीय लोगों ने बताया कि बधुवार को क्षेत्र के सभी गांव के लोग खरीददारी के लिए साप्ताहिक बाजार सिलौंडी आते है मगर बैंक में नगद राशि ना मिलने के कारण वह अपनी खरीददारी नही कर पाते है । सिलौंडी सेंट्रल बैंक में कैश ना होने के कारण व्यापारी ,किसान ,पेंशनधारी लोग को बहुत बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।सिलौंडी में एक ही बैंक होने के कारण लोग भटकने को मजबूर है ।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं में प्रगति लाने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मंगल भवन में गुरुवार,9 अप्रैल को समीक्षा बैठक जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्य पालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस ही जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विभागीय योजनाओं को गति प्रदान करने समीक्षा बैठक में समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।श्री कोरी ने इसी अनुक्रम में समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को एजेंडा के अनुसार अद्यतन जानकारी के साथ गुरुवार, 9 अप्रैल को 12 बजे बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभारी, पंचायत समन्वय अधिकारी सहायक विकास विस्तार अधिकारी, सहायक यंत्री और उपयन्त्रियों को जानकारी सहित उपस्थित होने निर्देश दिए हैं।

### ब्रेड एवं टोस्ट के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे

**कटनी।** जिले में नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा रॉबर्ट लाइन माधवनगर स्थित झूलेलाल बेकरी एवं दीपक ब्रेड का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान मौके पर झूलेलाल बेकरी के संचालक गुरमुख दास भोजवानी द्वारा कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रस्तुत नहीं किए गए एवं पेस्ट कंट्रोल का सर्टिफिकेट भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर उन्हें धारा 32 के तहत सुधार सूचना जारी करने हेतु अनुशंसा की गई। साथ ही मौके पर गुणवत्ता में शंका के आधार पर खाद्य पदार्थ ब्रेड तथा टोस्ट के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी प्रकार दीपक इंटरप्राइजेज में ब्रेड की जांच के दौरान मौके पर उसके संचालक दीपक भोजवानी को भी मेडिकल फिटनेस प्रस्तुत न करने एवं साफ-सफाई की स्थिति सुधार न होने के कारण धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया जाएगा। दीपक ब्रेड से गुणवत्ता में शंका के आधार पर पाव ब्रेड का नमूना जांच हेतु लिया गया है। इन दोनों फैक्ट्रियों से लिए गए नमूनों को जांच प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है।

---

### कलेक्टर ने औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर उत्पादों के निर्यात संबंधी ली जानकारी

# गुणवत्ता एवं ब्रांडिंग में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बनाये पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल के तहत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने बुधवार को कटनी की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन, तकनीकी उन्नयन के संबंध में जानकारी लिया और सुरक्षा मानकों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा इकाई संचालकों से निर्यात की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा किया।

निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान एवं प्रबंधक राजेश पटेल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले के उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित न रहें, बल्कि गुणवत्ता और ब्रांडिंग के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बनाएं। स्थानीय से वैश्विक की ओर कदमकलेक्टर के भ्रमण की शुरुआत ग्राम इमलिया स्थित मेसर्स राधे



ट्रेडर्स से हुई। नमकीन और प्राइम्स उत्पादों के निर्माण में संलग्न इस इकाई में लगभग 2.50 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है और यह वर्तमान में 15 लोगों को रोजगार प्रदान कर रही है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इकाई के विक्रय नेटवर्क, कच्चे माल की उपलब्धता और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली।

उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय मंडियों से कच्चे माल की खरीदी को प्राथमिकता दी जाए, जिससे स्थानीय किसानों और व्यापारियों को भी लाभ मिल सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन और अग्निशामक यंत्रों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 के तहत 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त करने वाली इस इकाई द्वारा अपनाई गई आधुनिक तकनीकों की कलेक्टर ने सराहना की।

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम पड़ुआ स्थित मेसर्स सुखसागर फूड प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। लगभग 4 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित यह आधुनिक राइस मिल तकनीकी उन्नयन का उत्कृष्ट उदाहरण है। विशेष बात यह है कि यह एक महिला संचालित इकाई है, जिसने एमएसएमई योजना के तहत 48 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्राप्त की है और वर्तमान में 24 लोगों को रोजगार दे रही है। यहां उत्पादित पराबोइल्ड राइस और सीएमआर राइस का निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक किया जा रहा है, जो कटनी के उद्योगों के वैश्विक विस्तार का संकेत है।

कलेक्टर ने उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए निर्यात प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।साथ ही इकाई में स्थापित सोलर प्लांट को लेकर भी उन्होंने जानकारी ली और इसे लागत में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर श्री तिवारी ने उद्योग संचालकों से राज्य की औद्योगिक नीति के संबंध में भी चर्चा किया।

---



## नियमों के उल्लंघन पर 2600 रुपये का वसूल किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों में अभियान चलाया जाकर मुख्य मार्गों के अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को भी निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों बिलैया तलैया सब्जी मंडी, गोल बाजार, सुभाष चौक मुख्य मार्ग से बस स्टैंड तक मार्ग के अनधिकृत अतिक्रमण, रोड में लगी पन्नी तिरपाल आदि को हटाकर आवागमन को सुगम बनाने के प्रयास किए गए। वही बस स्टैंड में भी कार्यवाही के दौरान हॉकर्स जोन की दुकानों को व्यवस्थित किया गया। नगर निगम एवं यातायात विभाग द्वारा अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सख्ती जारी है। इसी क्रम में विभिन्न प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जांच अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन खड़े करने और यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों से कुल 2600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों को बाधित कर व्यवसाय न करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें, जिससे अनावश्यक जाम की स्थिति से बचा जा सके।

---

## शहर में अवैध कालोनियों की भरमार, नगर निगम द्वारा जारी की गई सूची

*कानूनी एवं आर्थिक परेशानियों का करना पड़ सकता है सामना*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाते हुए चिन्हित की गई अवैध कॉलोनियों के खसरा नंबरों की जानकारी से आम सूचना को अवगत कराते हुए सूचित किया गया है कि वे किसी भी भूमि या प्लॉट का क्रय-विक्रय करने से पहले उसकी वैधता की जानकारी अनिवार्य रूप से नगर निगम कार्यालय से प्राप्त करें। बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश पर भविष्य में कानूनी और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कार्यपालन यंत्री एवं कॉलोनी सेल प्रभारी अंशुमान सिंह ने बताया कि कई कॉलोनाइजर द्वारा बिना वैधानिक स्वीकृति के प्लाटिंग कर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था जो नियमों का उल्लंघन है।

### ये खसरा नंबर शामिल

नगर के जिन वार्डों के विभिन्न खसरा नंबरों पर अवैध कॉलोनियां विकसित किए जाने के प्रकरण सामने आए हैं, उनमें जगमोहन दास वार्ड के तीन स्थलों के खसरा क्रमांक 462/7 ए ,463/19 ए 464/5 रकवा 0.633 हेक्टेयर, तथा 460/4/2, 460/5/4, 460/6 ख एवं 460/7 सहित 461 एवं 356 शामिल है। ग्राम अमकुही स्थित प.ह.नं. झिंझरी तहसील कटनी नगर में खसरा नंबर 194/1, 201/3, 194/2, 201/1/1/1/1, 201/3, 195, 201/1, 204 और 205, ग्राम बड़वारा तहसील कटनी नगर स्थित खसरा नंबर 1448/6 क, 1448/6, 1449/3, 1448/5, 1449/2, 1449/9, 1448/4 क, 1449/1, 1448/80 क 1447/3, 1448/7, 1449/4 कुल रकवा 1.66 हेक्टेयर शामिल है। इसी प्रकार बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित पांच स्थलों खसरा नंबर 32/1 एवं 33/1 कुल रकवा 0.539 है, तथा 12/6, 13 कुल रकवा 1.477 है., 69/1/2/1/1, 93/1 तथा 51/1, 51/2 एवं 51/3 शामिल है। राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित खसरा क्रमांक 344/13 कुल रकवा 0.150 है. तथा खसरा नंबर 635/1, 636/1, 637 एवं 638 शामिल है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित खसरा नंबर 1369/1, 1370/1, 1370/2 कुल रकवा 0.080 हेक्टेयर, तथा 1497/1/1 कुल रकवा 0.9850 हे.शामिल है। सावरकर वार्ड के दो प्रकरणों क्रमशः खसरा नंबर 597/1 कुल रकवा 1.038 है तथा 607/8 क, 607/5, 603, 605, 606/1 तथा 602/2 कुल रकवा 1.50 है. शामिल है। रफी अहमद किदवई वार्ड रकवा नंबर 554/5, राजीव गांधी वार्ड 1417/1 ग, 1418/1 ग रकवा 0.45 हे., रामकृष्ण परमहंस वार्ड ग्राम छपरवाह, मंगल नगर खसरा नंबर 215/1/2, 214/1/2/2, 215/5/1, 193/3/1/2, 193/3/ 4/ 1, 193/3/4/2, 193/4, 193/ 3/1/1 /1/1, 1509/1, 1511/9, 1510/1, चन्द्र शेखर आजाद वार्ड खसरा नंबर 243/3, 244/3, 228/3, 245/3, 264/3, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड 482/5483/5, 485/5486/5, 500/7, 486/2, 483/6, शामिल है।

---

### सीईओ ने ग्राम पंचायतों को निरीक्षण कर लिया जायजा



जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन एवं अन्य संचालित गतिविधियों के साथ जल जीवन मिशन द्वारा निर्मित परियोजनाओं एवं स्वीकृत निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने किया। श्री कोरी ने माध्यमिक शाला सिलोड़ी बाजार मोहल्ला, ग्राम पंचायत नेगई, तिलमन और घाना पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं उपलब्धता, उपस्थिति पंजी, हैंड वॉश यूनिट, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण व कूप मरम्मत कार्य, खेल मैदान बैठक व्यवस्था, सामुदायिक और पंचायत भवन सहित जल जीवन मिशन द्वारा निर्माणधीन नल जल योजना और पानी की टंकी का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। श्री कोरी ने अपूर्ण एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों को तकनीकी मापदंडों का पालन करते हुए तत्परतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं उपयन्त्रियों को दिए। शाला में शिक्षकों की अनुपस्थिति एवं छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षकों को यथोचित निर्देश दिए। घाना में नल जल योजना को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया।

---

## जिले के 6 उपार्जन केन्द्रों में 28 मई तक होगी चना एवं मसूर की खरीदी

*जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समर्थन मूल्य पर जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन जारी है। इसके लिये जिले में 6 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। इन सभी खरीदी केन्द्रों में किसानों को बिल्कुल भी परेशानी और असुविधा नहीं होनी चाहिए। केन्द्रों में किसानों के लिये सभी जरूरी सुविधायें सुनिश्चित हों। कलेक्टर ने यह निर्देश जिला उपार्जन समिति की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। समर्थन मूल्य पर जारी उपार्जन नीति अनुसार जिले में चना एवं मसूर का उपार्जन 28 मई तक किया जाएगा। उपार्जन हेतु जिले में 6 केन्द्र स्थापित किये गये है। जिले में चना के उपार्जन हेतु 4 हजार 624



जबकि मसूर के उपार्जन हेतु 1 हजार 619 कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है।

शासन द्वारा चना का समर्थन मूल्य 5875 रूपये प्रति क्विंटल और मसूर का 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिये औसत अच्छी गुणवत्ता अनुसार चना एवं मसूर के उपार्जन के निर्देश दिये हैं। चना एवं मसूर का उपार्जन कृषक उपज तैयार होने पर विक्रय हेतु उपार्जन केन्द्र एवं उपज विक्रय की स्लॉट का चयन स्वयं ई-उपार्जन पोर्टल पर कर सकता है। अपनी उपज विक्रय हेतु कृषक द्वारा बुक किये गये स्लॉट की जानकारी एस.एम.एस के माध्यम से कृषक के मोबाईल पर प्राप्त होती है।

इस वर्ष केवल ओ.टी.पी के माध्यम से चना और सरसो की खरीदी मान्य नहीं होगी। उपार्जन के पहले किसान को बायोमैट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसी प्रकार यदि कृषक ने पंजीयन के समय परिवार के किसी सदस्य को नामिनी नियुक्त करता है तो उस समय किसान की अनुपस्थिति में नॉमिनी से चना एवं मसूर का उपार्जन किया जा सकता है। लेकिन ऐसी स्थिति में खरीदी के पहले नॉमिनी का आधार और बायोमैट्रिक सत्यापन कराना जरूरी होगा।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारियों को प्रत्येक दिन ऑनलाईन खरीदी एवं भौतिक मात्रा मिलान करते हुये रिपोर्ट जिला स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देशित किया।

---

## सफाई व्यवस्था के साथ कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**कटनी।** स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप नगर की सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं। अभियान के तहत शहर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों में नियमित साफ-सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था के साथ ही कचरा संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा आवासीय वार्डों में दो शिफ्ट में सफाई कार्य संचालित किया जा रहा है, ताकि पूरे शहर में स्वच्छता का स्तर बनाए रखा जा सके। वहीं सफाई कार्य की मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा भी रोजाना प्रातः कालीन नगर की सफाई व्यवस्था सहित कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध तरीके से डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ वायु गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से मुख्य सड़कों पर मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त फागिंग मशीन एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव अभियान के माध्यम से मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण लगानें के साथ ही घुमंतु मवेशियों के सार्वजनिक स्थलों पर विचरण को रोकने हेतु हांका टीम द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

### जलभराव वाले संभावित स्थलों का किया निरीक्षण

**कटनी।** आगामी वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दल के प्रभारी अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा तथा स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित एनसीसी कार्यालय के आसपास के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व पार्षद अनिरुद्ध नारायण सोनी भी उपस्थित रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पथवारी**
जनपद पंचायत बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

पुष्पा सिंह ठाकुर (सरपंच) — श्री तिलकराज सोलंकी (सचिव)

पत्र क्रमांक / Q/ 2026 — दिनांक - 07/04/2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 की अवधि के लिये ग्राम पंचायत पथवारी जनपद पंचायत बड़वारा जिला कटनी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं एवं सप्लायरों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निर्माण का कार्य | रेत, लोहा, सीमेंट, गिट्टी, ईंट, चीपा, ढासा, बोल्डर, पत्थर, पाइप |
| | | कोटा स्टोन, पेवर ब्लॉक, मुरूम, हयूम पाइप एवं अन्य सामग्री |
| 2 | फर्नीचर | कुर्सी, टेबल, अलमारी एवं अन्य सामग्री |
| 3 | स्टेशनरी | स्टेशनरी से संबंधित सामग्री |
| 4 | इलेक्ट्रानिक सामग्री | कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेपटॉप एवं अन्य सामग्री |
| 5 | अन्य | अन्य सामग्री |

नोटः- इच्छुक व्यक्ति/ फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत पथवारी में प्रस्तुत कर सकते हैं।

सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत पथवारी



**कार्यालयः नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास खितौली बड़वारा जिला कटनी (म.प्र.)**

क्रमांकः निविदा/एच/2026/14
खितौली, दिनांक 08/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास खितौली में सत्र 2026-27 के लिए माह मई 2026 से माह अप्रैल 2027 तक किराना खाद्यान्न सामग्री व स्टेशनरी बालिकाओं के लिए जरूरतमंद सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा की जाएगी, दिनांक 17/04/2026 को प्रबंधन समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। निविदा में जीएसटी नंबर अनिवार्य है, खाद्यान्न व किराना सामग्री, स्टेशनरी हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों को आमंत्रित किया जाता है।

**वार्डन / प्रबंधन समिति**
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास खितौली, समग्र शिक्षा वि0खं0 बड़वारा जिला कटनी (म.प्र.)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बिजौरी**
जनपद पंचायत बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

पारस सिंह मरावी (सरपंच) — श्री तिलकराज सोलंकी (सचिव)

पत्र क्रमांक /Q /2026 — दिनांक - 07/04/2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 की अवधि के लिये ग्राम पंचायत बिजौरी जनपद पंचायत बड़वारा जिला कटनी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की सामग्री की आपूर्ति हेतु पात्र विक्रेताओं एवं सप्लायरों से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | निर्माण का कार्य | रेत, लोहा, सीमेंट, गिट्टी, ईंट, चीपा, ढासा, बोल्डर, पत्थर, पाइप |
| | | कोटा स्टोन, पेवर ब्लॉक, मुरूम, हयूम पाइप एवं अन्य सामग्री |
| 2 | फर्नीचर | कुर्सी, टेबल, अलमारी एवं अन्य सामग्री |
| 3 | स्टेशनरी | स्टेशनरी से संबंधित सामग्री |
| 4 | इलेक्ट्रानिक सामग्री | कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेपटॉप एवं अन्य सामग्री |
| 5 | अन्य | अन्य सामग्री |

नोटः- इच्छुक व्यक्ति/ फर्म अपनी निविदा निर्धारित कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत बिजौरी में प्रस्तुत कर सकते हैं।

सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत बिजौरी


---

### फ्रांस से आये मेहमानों ने होमस्टे की सुविधाओं से हुये मंत्रमुग्ध, ग्रामों का किया भ्रमण

# विदेशी मेहमानों ने बैलगाड़ी की सवारी और देशी खान-पान का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की महत्वाकांक्षी योजना 'ग्रामीण पर्यटन' अब धरातल पर रंग लाती दिख रही है। इसी क्रम में फ्रांस से आए चार विदेशी पर्यटकों ने कटनी जिले के खितौली और कोनिया गाँवों का भ्रमण किया। यहाँ के ग्रामीण परिवेश और 'होमस्टे' की सुविधाओं ने विदेशी मेहमानों को इस कदर मंत्रमुग्ध किया कि उन्होंने इसे होटलों और लॉज से बेहतर विकल्प बताया।

भारत भ्रमण पर आए फ्रांस के नागरिक ग्वेन्डोलिन डेलेपियरे, माएल एरिक कोकॉल्ट, आर्मेल यवोन मैरी जोसेफ लेटोर्ट और यवेस थिएरी फिलिप कोकॉल्ट जब कटनी के खितौली और कोनिया गाँव पहुँचे, तो ग्रामीणों ने पारंपरिक





तरीके से उनका भव्य स्वागत किया। पर्यावरणविद् और मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में इन पर्यटकों को ग्रामीण संस्कृति से रूबरू कराया गया। पर्यटकों ने कटनी के साथ-साथ उमरिया जिले के दमना और मरईकला गाँवों के होमस्टे में भी समय बिताया। ग्रामीणों द्वारा तैयार इन होमस्टे को आकर्षक रंग-रोगन और स्थानीय कलाकृतियों से सजाया गया है।

### अनुभव किये साझा

विदेशी मेहमानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि लॉज और होटल की तुलना में होमस्टे में रुकना कहीं अधिक सुखद है। यहाँ रुकने से उन्हें ग्रामीण वेशभूषा, रहन-सहन और वेश-भूषा को करीब से जानने का मौका मिला। पर्यटकों ने स्थानीय व्यंजनों और देशी खान-पान का जमकर लुत्फ उठाया।

भ्रमण के दौरान विदेशी सैलानियों के लिए सबसे अद्भुत अनुभव बैलगाड़ी की सवारी रही। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण हस्तकला जैसे बांस शिल्प, मिट्टी शिल्प और मेहंदी कला में भी गहरी रुचि दिखाई। पर्यटकों ने गाँव के आसपास स्थित पुराने तालाबों, बांधों, प्राचीन मंदिरों और घने जंगलों का भ्रमण कर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया।

सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को ग्रामीण संस्कृति से जोड़ना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। होमस्टे विकसित होने से गाँव की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को वैश्विक पहचान मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### पन्ना एवं रैपुरा तहसील में कार्य संपादन के लिए सौंपा दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने तत्काल प्रभाव से पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन कर पन्ना एवं रैपुरा तहसील में राजस्व न्यायालयीन एवं गैर राजस्व न्यायालयीन कार्यों के संपादन के लिए तहसीलदार को दायित्व सौंपा है, जिसके तहत पन्ना तहसील में प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति द्वारा राजस्व वृत्त पन्ना एवं बृजपुर के राजस्व न्यायालयीन कार्यों का संपादन किया जाएगा। प्रभारी नायब तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह परस्ते न्यायालय नजूल तहसीलदार का कार्य संपादित करेंगे। इस क्रम में पन्ना तहसील में गैर राजस्व न्यायालयीन कार्य के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को कोतवाली पन्ना, चौकी बराछ, थाना बृजपुर, चौकी पहाड़ीखेरा, थाना मड़ला एवं चौकी हिनौता का आवंटन किया गया है। इसी तरह रैपुरा तहसील में प्रभारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार अरिहा प्रभारी तहसीलदार रैपुरा तथा प्रभारी नायब तहसीलदार रामनरेश सोनी राजस्व वृत्त हरदुआ पटेल का राजस्व न्यायालयीन कार्य संपादित करेंगे, जबकि प्रभारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार अरिहा को गैर राजस्व न्यायालयीन कार्य के तहत थाना रैपुरा एवं प्रभारी नायब तहसीलदार रामनरेश सोनी को थाना सिमरिया की पुलिस चौकी हरदुआ पटेल आवंटित की गई है। संतोष कुमार अरिहा द्वारा प्रस्ताव अनुसार प्रभारी तहसीलदार तहसील व थाना रैपुरा का संपूर्ण कार्य तहसील में बैठ कर संपादित किया जाएगा तथा रामनरेश सोनी हरदुआ पटेल चौकी एवं वृत्त का संपूर्ण कार्य हरदुआ पटेल में बैठकर संपादित करेंगे। शेष आदेश पूर्ववत रहेगा।

### ग्राम जरधोबा में जनचौपाल में शामिल होंगे सांसद श्री शर्मा



**पन्ना।** खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा गुरूवार, 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे पन्ना विकासखंड की ग्राम पंचायत जरधोबा में जनचौपाल कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद श्री शर्मा शाम 6 बजे पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना के वार्षिक उत्सव समारोह में भी सहभागिता करेंगे। जिला कलेक्टर द्वारा समस्त कार्यालय प्रमुखों को ग्रामीणों की समस्या निराकरण के उद्देश्य से जनचौपाल कार्यक्रम में विभागीय जानकारियों के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

सड़कों पर गंदगी और घरों में घुसा पानी

# बेमौसम बारिश में अव्यवस्था की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा





नगर एवं आसपास क्षेत्र में बीती रात लगभग तीन बजे से रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था भी रात्रि में बंद हो गई बेमौसम हुई इस तेज बारिश के चलते नालियों की सफाई की वास्तविक स्थिति सामने आ गई, जहां जगह-जगह जाम नालियों से गंदगी उफनकर सड़कों पर फैल गई। इससे पूरे नगर में गंदगी का माहौल बन गया और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह के समय मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं सहित दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले नागरिकों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव और फैली गंदगी के कारण आवागमन बाधित रहा तथा कई स्थानों पर लोगों को कीचड़ और दूषित पानी से होकर गुजरना पड़ा। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि नगर के कई घरों में बारिश का पानी भी प्रवेश कर गया, जिससे घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा और लोगों में चिंता का माहौल बन गया। इस घटना ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और जल निकासी प्रबंधन पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों पहलाद साहू, छोटू केवट का कहना है कि यदि समय रहते नालियों की समुचित सफाई की गई होती, तो इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके। नगरवासियों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा और नगर की व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

आज विश्व णमोकार दिवस

## अंतरराष्ट्रीय जैन संघ आज सुबह 8 बजे से णमोकार मंत्र का करेगा जाप

**जबेरा।** जबेरा नगर में विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जैन संघ के आह्वान पर विश्व शांति की कामना हेतु जैन धर्म के महामंत्र णमोकार महामंत्र का जाप विश्व के विभिन्न देशों में एक साथ किया जाता है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय जैन संघ के आह्वान पर सम्पूर्ण भारत वर्ष के जैन मंदिरों एवम सार्वजनिक स्थलों पर इसका वाचन आज सुबह 8 बजे से




सामूहिक रूप से किया जाएगा। इसी कड़ी में जबेरा दिगम्बर जैन मंदिर में भी णमोकार महामंत्र का जाप सुबह 8 बजे से सामूहिक रूप से किया जाएगा जिसमे सकल दिगम्बर जैन समाज सम्मिलित होगी। विश्वस्तरीय कार्यक्रम के संदर्भ में राजेश जैन संयोजक अन्तर्राष्ट्रीग जैन संघ ने सम्पूर्ण विश्व की जैन समाज सहित सभी सनातन बन्धुयो से आह्वान किया है कि आज विश्व मे हिंसा एवम अशान्ति का माहौल है मानवता घृणा एवम विद्वेष से पीड़ति है इस मानवता को शान्ति एवम अहिंसा का सन्देश देने तथा आपस मे प्रेम एवम भाईचारा बढ़ाने यह णमोकार विश्व दिवस संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित किया गया है अतः सम्पूर्ण विश्व के शान्तिप्रिय नागरिक इस कार्यक्रम में एक साथ प्रातः 8 बजे अपने अपने देश के समयानुसार सम्मिलित होकर विश्व शांति की कामना करेगे। इस मंत्र के प्रभाव से नकरात्मक ऊर्जा सकारात्मक ऊर्जा में तब्दील होकर सृजन का कार्य करेगी।

# संवेदनशील कलेक्टर से पुनः आबादी के बीच से शराब दुकान हटाने की मांग की

### मांग पूर्ति के अभाव में विशाल आन्दोलन एवं न्यायालय जाने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

शासन-प्रशासन की निरन्तर उपेक्षाओं एवं जान बूझकर की जा रही सतत वादा खिलाफी के विरूद्ध बुधवार को हिंण्डोरिया के संभ्रांत नागरिकों द्वारा दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को नगर में आबादी के बीच स्थित देशी- अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को बस्ती के बाहर स्थापित करने की मांग को लेकर एक आवेदन दिया गया। आवेदन में मांग पूर्ति के अभाव में नगर में एक विशाल जन आंदोलन करने के अलावा मामला हाई कोर्ट ले जाने की धमकी दी गई। इस सम्बंध में नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, म. प्र. एकता परिषद जिलाध्यक्ष सुजात खान ने बताया शराब दुकान वार्ड नं. 09 मैं मुख्य सड़क पर अनुसूचित जाति एवं अल्पसंख्यक आबादी बाहूल्य क्षेत्र में संचालित है। जिसके आसपास ही धार्मिक स्थान, शैक्षणिक संस्थाऐं, बारात घर आदि मौजूद है। उक्त दुकान के चलते श्रध्दालुजनों, यात्रियों, महिलाओं, स्कूली बच्चों, संभ्रांत नागरिकों एवं वार्ड वासियों को रोज तरह तरह की परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है। इस बारे मैं जिला के संवेदनशील कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एसडीम सौरभ गंधर्व, जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे अतिसंवेदनशील हिण्डोरिया थाना के प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह आदि को भी ज्ञापन एवं स्मरण पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है। इस मुद्दे पर हिण्डोरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ठाकुर की टीम के व्दारा भी थाने मे कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया जा चुका है। इसके अलावा प्रतिनिधि मण्डल के आवेदन पर कलेक्टर श्री कोचर द्वारा एसडीएम एवं जिला आबकारी अधिकारी को विवादित स्थल के मौके का तत्काल निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने को कहा गया था। इसके बावजूद भी संवेदनशील कलेक्टर के आदेश का सक्रिय आबकारी अधिकारी एवं अन्य ने आज तक पालन नहीं किया। अर्थात कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ा दी गई। आज सभी आंदोलनकारी वर्तमान में इन प्रशासनिक अधिकारियों की इस गैर जिम्मेदाराना कार्य प्रणाली के कारण अपने आप को आज ठगा- ठगा सा महसूस कर रहे हैं। क्योंकि समस्या जस की तस बनी हुई है ।लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। ऊपर से इन अधिकारियों का कहना है कि आंदोलन करने से पहले स्वीकृति जरूर ले लेना । वरना जिला प्रशासन आप सभी अहिंसात्मक ढंग से आंदोलन करने वाले सभी सत्याग्रहियों पर अपराध कायम कर देगा। याने डराने का काम भी आज कानून एवं नियमों की आड़ लेकर बखूबी इन अधिकारियों के व्दारा किया जा रहा है। आवेदन पत्र में मांग पूर्ति के अभाव मे शीध्र आन्दोलन करने के अलावा न्यायालय जाने की मांग की गई है।

## जिला शिक्षा अधिकारी के मनमाने आदेश : राकेश हजारी

**दमोह।** म.प्र.अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी पर म.प्र.शासन के आदेशों को मनमाने तरीके से जारी किये जाने का आरोप लगाया है, जिसमें कलेक्टर दमोह द्वारा अपने अर्द्धशासकीय पत्र क्रं./3137 दिनांक 02-03-2026 के द्वारा संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल को पत्र भेजकर जिला शिक्षा केन्द्र दमोह अन्तर्गत रिक्त बी.ए.सी.-29 पद जनशिक्षक 62 पद कुल 91 पद प्रतिनियुक्ति के पदस्थ है, उक्त पदों की नियुक्ति के संबंध में मार्ग दर्शन चाहा गया था, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल के पत्र क्रं./139 दिनांक 26-03-2026 के द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत विभिन्न पदों पर कार्यरत लोक सेवकों के संबंध में जैसे- डी.पी.सी./ ए.पी.सी./ बी.ए.सी. आदि पदों पर लोक सेवक कार्यरत है, ऐसे सेवकों को पदस्थ शाला में उनकी कार्य मुक्ति से रिक्त हुये पदों पर अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना किया जाना सुनिश्चित करें एवं वेतन आहरण भी समग्र शिक्षा से ही आहरित कराया जाना सुनिश्चित किया जावें, इस संबध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारीयों से प्रतिवेदन चाहा गया है, किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी दमोह द्वारा संचालक के पत्र को तोड़ मरोड़ कर अपने मनमाने तरीके से अपने पत्र क्रं./2712 दिनांक 31-3-2026 के द्वारा सभी विकास शिक्षा अधिकारीयों को पत्र लिख गया कि समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत कार्यरत डी.पी.सी./ ए.पी.सी./ बी.ए.सी./ का वेतन आहरण भी समग्र शिक्षा से ही आहरित किया जाना सुनिश्चित करें, किसी भी स्थिति में संबंधितों की मूल पदस्थ संस्था से वेतन आहरित ना किया जावें जो लोक सेवक शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त उक्त पदों पर कार्य कर रहे है उन्हें तत्काल उनकी मूल पदस्थ संस्था हेतु कार्यमुक्त करें,इसी के परिपालन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दमोह के पत्र क्रं./04 दिनांक 04-04-2026 के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दमोह को निर्देशित किया गया है कि किसी भी स्थिति में संबंधितों की मूल संस्था से वेतन आहरित होने हेतु रोक लगाई गई है, अतः ऐसे लोक सेवकों समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत अतिरिक्त प्रभार या प्रभारी बी.ए.सी./ सी.ए.सीत्र. के रूप में कार्य कर रहे है, उनकी वेतन पदस्थ मूल संस्था से आहरित हो रही है, तत्काल मूल पदस्थ संस्था हेतु कार्य मुक्त करना सुनिश्चित करें इस प्रकार अपने वरिष्ठ अधिकारीयों को निर्देशित किया जाना शासकीय पदीय कर्त्तव्य के विपरीत कृत्य किया गया है । इस संबंध में भी कलेक्टर दमोह को सारे प्रकरणों का उल्लेख करते हुये ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है।

## वैशाख मास में किया गया पुण्य देवताओं को भी स्पर्श करता है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित श्री पुरुषोत्तम लाल विश्वकर्मा के निवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत मूल पाठ के अंतर्गत कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री ने वैशाख मास के महत्व को बताते हुए कहा कि भगवान विष्णु यमराज को वैशाख का महत्व बताते हुए कहते हैं इस महीने की तपन में धरती तपती है नदियों का जल कम होने लगता है यदि कोई मनुष्य इस समय दूसरों के लिए शीतल जल का प्रबंध करता है, तो समझो उसने अनगिनत पापियों को जीवनदान दिया ऐसा मनुष्य तुम्हारे दंड का पात्र नहीं होता यम यमराज ने विनयपूर्वक पूछा प्रभु तो क्या इस मास में मेरा कार्य निष्फल हो जाता है विष्णु मुस्कुराए नहीं यम तुम्हारा कार्य कभी निष्फल नहीं परंतु यह महीना परम क्षमा का महीना है जैसे तुम्हारे पास दंड देने का अधिकार है वैसे ही मेरे पास दया करने का अधिकार वैशाख में मैं संसार को अतिरिक्त दया प्रदान करता हूँ यमराज ने करबद्ध होकर कहा हे विष्णु निश्चय ही यह महीना मनुष्यों के लिए वरदान है यदि वैशाख ऐसे पुण्य देता है तो मैं इस माह को स्वयं भी प्रणाम करता हूँ। विष्णु बोले यम तुम देवताओं में न्याय के प्रतीक हो और न्याय तभी पूर्ण होता है जब उसमें दया भी सम्मिलित हो वैशाख मास वही दया है संसार में बदली हवा उस दिन के बाद यमराज ने अपने दूतों को निर्देश दिया जो लोग वैशाख में स्नान, दान, तुलसी सेवा और पीने के जल की व्यवस्था करते हैं, उन्हें भय दिखाने कीआवश्यकता नहीं वे प्रभु माधव के प्रिय हैं यमदूतों ने भी देखा कि पृथ्वी पर लोग सुबह-सुबह पवित्र नदियों में स्नान कर रहे थे कुओं के पास मटकों में शीतल जल रख रहे थे किसी राहगीर को प्यासा न रहने देने का प्रण ले रहे थे हर गाँव हर नगर में प्याऊ लग रही थी और सचमुच नरक के द्वार शांत रहे पाप की परछाइयाँ हल्की हो गईं धरती पर दया धर्म और भक्तिभाव बढ़ गया तब से यह परंपरा चली कि वैशाख में माधव की पूजा, स्नान, दान और जल-सेवा करने से यम का भय मिट जाता है मनुष्य हल्का, निर्मल और पवित्र बन जाता है, और उसकी यात्रा पापलोक नहीं बल्कि प्रभु के धाम की ओर होती है और यमराज स्वयं कहते हैं वैशाख मास में किया गया पुण्य देवताओं को भी स्पर्श करता है।

## एचपीबी टीकाकरण को लेकर बैठक आयोजित, मेगा शिविर की तिथियां घोषित

**तेंदूखेड़ा।** सबडिवीजन में एचपीबी टीकाकरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का नगर मै आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सी. जी. गोस्वामी द्वारा की गई, जिसमें विकासखंड के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड स्तर पर एचपीबी टीकाकरण हेतु मेगा शिविरों का आयोजन आगामी 11 अप्रैल, 15 अप्रैल, 21 अप्रैल एवं 27 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में लगभग 500 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों से अपील की कि वे अपने-अपने संस्थानों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीबीएमओ अशोकबरोनिया द्वारा एचपीबी टीकाकरण



के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है तथा भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कम करने में सहायक है। साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रेरित करने एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने के विभिन्न उपाय भी साझा किए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारीपूजा गौड बीईओ नीतेश पान्डे ,सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया। अंत में एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित तिथियों पर मेगा शिविरों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जा सके।

## अधिकारी करा रहें अपने निवास पर कार्य - राकेश सिंह हजारी

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा दमोह के कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग के कार्यालयीन आदेश क्र./565 दिनांक 07-04- 2026 के द्वारा 09 कर्मचारियों की शासकीय निवास पर ड्यूटी लगाई गई है जो म.प्र.सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत गंभीर कदाचार और अनैतिक की श्रेणी में आता है, जो शासकीय पद और कर्मचारियों का उपयोग निजी स्वार्थ या व्यक्तिगत कार्यो के लिये करना नियमों के विपरीत है, ऐसे अधिकारियों के खिलाफ जांच एवं विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का प्रावधान है साथ ही ऐसा कार्य कराने पर वरिष्ठ अधिकारियों, सामान्य प्रशासन विभाग या म.प्र. लोकायुक्त में शिकायत करने का प्रावधान है साथ ही स्थाई कर्मी का कर्त्तव्य केवल उसे आवंटित शासकीय कार्यो को पूरा करना है, ना कि उच्चाधिकारियों के निजी काम करना, जो मानव अधिकारो का हनन की परिधि में आता है, अतएव म.प्र.शासन से आपेक्षा की गई है कि शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जावें ताकि भविष्य में किसी अधिकारी द्वारा ऐसे स्वार्थ आदेश जारी ना करने की चेष्टा कर सकें।

# वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में पहली बार दिखी दुनिया की सबसे छोटी जंगली बिल्ली

### डोंगरगांव रेंज में बाघों की गणना के लिए लगाए गए कैमरे में कैद हुई विलुप्त जीवों की श्रेणी में शामिल बिल्ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व से रोमांचित करने वाली तस्वीर सामने आई हैं. प्रबंधन ने ये तस्वीर जारी करते हुए कहा है कि नौरादेही टाइगर रिजर्व में पहली बार दुनिया की सबसे छोटी जंगली बिल्ली की प्रजाति 'रस्टी स्पॉटेड कैट' कैमरे में कैद हुई है. यह जैव विविधता के मामले में नौरादेही टाइगर रिजर्व के लिए एक अहम उपलब्धि मानी जा रही है. साथ ही प्रबंधन ने दावा किया है कि चीतों के आने के बाद नौरादेही सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया का ऐसा वन क्षेत्र होगा, जहां सबसे बड़ी बिल्ली बाघ, सबसे तेज बिल्ली चीता और सबसे छोटी बिल्ली रस्टी स्पॉटेड कैट एक साथ देखी जा सकेगी

### डोंगरगांव रेंज में 2 साल पहले कैमरा ट्रैप सर्वे में आई सामने

टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा जारी की गई तस्वीरों के बारे में बताया गया है कि ये तस्वीर फरवरी-मार्च 2024 के बीच वन विभाग और डब्ल्यू डब्ल्यू आई इंडिया द्वारा सालाना बाघ निगरानी अभियान के तहत किए गए कैमरा ट्रैप सर्वे के दौरान कैद हुई थी यह तस्वीर टाइगर रिजर्व की डोंगरगांव रेंज में ली गई थी. रस्टी स्पॉटेड कैट को आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकट के करीब श्रेणी में रखा गया है. भारत में इसे वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची -1 के तहत सुरक्षा प्राप्त है

### कहां पाई जाती है बिल्ली

रस्टी स्पॉटेड कैट प्रजाति आमतौर पर सूखे पर्णपाती वनों, झाड़ियां वाले इलाकों, घास के मैदानों और पथरीले इलाकों में पाई जाती है कभी-कभी ये इंसानी बस्तियों के नजदीक भी नजर आती है। नौरादेही टाइगर रिजर्व में इस प्रजाति की उपस्थिति की पुष्टि इन तस्वीरों के जरिए पहली बार हुई है. यह टाइगर रिजर्व के पारिस्थितिकी महत्व को उजागर करता है. ये दर्शाता है कि यहां छोटी बिल्लियों के लिए उपयुक्त आवास मौजूद है. शोधकर्ताओं ने इस क्षेत्र में रस्टी स्पॉटेड कैट के व्यवहार, वितरण और संरक्षण की स्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अध्ययन की सलाह दी है



### प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व

2 हजार 339 वर्ग किलोमीटर में फैला वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व दमोह सागर और नरसिंहपुर जिलों में स्थित है अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है। यहां बाघ, तेंदुए, भालू, भेड़िए और दुर्लभप्रजाति के गिद्ध हैं। चीतों को लाने की तैयारी चल रही है।दुर्लभ जंगली बिल्ली की मौजूदगी से यह भी संकेत मिल रहे हैं कि टाइगर रिजर्व का यह क्षेत्र छोटी जंगली बिल्ली प्रजातियों के लिए भी उपयुक्त आवास प्रदान करता है। वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट एसके मलिक ने इस प्रजाति के व्यवहार, वितरण और संरक्षण की स्थिति को बेहतर समझने के लिए आगे और अध्ययन की आवश्यकता बताई है

### वजन: 0.9 से 1.6 किग्रा, आकार: हथेली पर समा जाए

रस्टी स्पॉटेड कैट इतनी छोटी होती है कि यह आपकी हथेली पर आसानी से समा सकती है एक पूर्ण वयस्क का वजन महज 0.9 से 1.6 किग्रा के बीच होता है। इसके शरीर पर जंग के रंग जैसे भूरे धब्बे होते हैं। जिसके कारण इसका नाम 'रस्टी स्पॉटेड' पड़ा। इसकी खाल का रंग भूरा-मटमैला होता है आकार छोटा होने के बावजूद यह बेहद आक्रामक शिकारी है। यह मुख्य रूप से छोटे रोडेंट्स (चूहे), पक्षी और छिपकलियों का शिकार करती है यह निशाचर होती है, इसलिए इसे दिन के उजाले में देख पाना लगभग असंभव है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि इस नन्हीं बिल्ली को वही कानूनी सुरक्षा प्राप्त है जो जंगल के राजा बाघ को मिलती है। इसका वैज्ञानिक नाम **Prionailurus rubiginosus** है। दुर्लभ बिल्ली की उपस्थिति टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों के लिए एक आदर्श और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को र्शाती है

### सबसे छोटी, बड़ी और तेज बिल्ली देखी जा सकती है एक साथ

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया रस्टी स्पॉटेड कैट की मौजूदगी नौरादेही टाइगर रिजर्व को एक ऐसे वन्य जीव आवास के रूप में परिभाषित करती है, जो न सिर्फ बाघों का घर है बल्कि कई अन्य दुर्लभ बने प्रजातियों का आश्रय स्थल है. इस साल चीता की आमद के बाद नौरादेही भारत का ही नहीं, बल्कि दुनिया का एक ऐसा अकेला टाइगर रिजर्व बन जाएगा, जिसमें दुनिया की सबसे बड़ी बिल्ली बाघ, सबसे तेज बिल्ली चीता और सबसे छोटी बिल्ली रस्टी स्पॉटेड कैट एक साथ देखी जा सकेगी।

शून्य नदी किनारे जागा जन संकल्प

## 'जल है तो कल है' के साथ चला स्वच्छता अभियान



**बनवार।** जल संरक्षण को जनभागीदारी से जनांदोलन बनाने की दिशा में नोहटा सेक्टर के नवांकुरों ने एक सराहनीय पहल की। शून्य नदी के महादेव घाट तट पर स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जल बचाने और बढ़ाने का संदेश दिया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन एवं जन अभियान परिषद के निर्देशन में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत आदर्श ग्राम नयागांव स्थित मणि माता मंदिर, मनगुवा घाट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव एवं विकासखंड समन्वयक वंदना जैन ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "जल चौपाल" के माध्यम से गांव-गांव तक यह संदेश पहुंचाया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति जल के महत्व को समझे और उसके संरक्षण में भागीदारी निभाए। नदी किनारे एक साथ जुटे ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने श्रमदान कर घाट की साफ-सफाई की। यह दृश्य सामूहिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सशक्त उदाहरण बना। कार्यक्रम के दौरान "जल ही जीवन है" और "जल है तो कल है" जैसे नारों के साथ जल संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर गोपाल सिंह लोधी, घनश्याम सिंह लोधी, त्रिलोक सिंह लोधी, लोकेंद्र सिंह लोधी, मुल्तान सिंह लोधी, लेकन अहीरवाल, राकेश जैन, लक्ष्मी रैकवार और गगन जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने पारंपरिक "गक्कड़-भरता" का आनंद लिया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। यह आयोजन दर्शाता है कि जब समाज स्वयं आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाता है, तो बदलाव की धारा भी नई ऊर्जा के साथ बहने लगती है।

## आज गर्भवती महिलाओं की होगी विशेषज्ञ जांच

**दमोह**। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 09 तारीख दिन गुरूवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप-स्वास्थ्य केन्द्र में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये गये है। सिविल अस्पताल हटा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमोह में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिमयुक्त गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच, परीक्षण एवं समुचित उपचार सेवाए प्रदान की जाएगी। जबकि जिला चिकित्सालय में 10 मार्च को स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की जायेगी। जबकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ क्षेत्र अंतर्गत जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित कर सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जॉच एवं समुचित उपचार सेवा प्रदाय करेंगे।

### सुनार नदी के पठारी खोह में फंसे मिले ट्रेक्टर के अगले पहिए

# ट्रेक्टर के साथ स्टंटबाजी में युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नरसिंहगढ़ के आगे सुनार नदी के पठा क्षेत्र में नाला नुमा दरार में बुधवार को एक नए ट्रैक्टर के अगले चके फसे होने के साथ ट्रैक्टर चला रहे युवक का शव पड़ा होने से सनसनी के हालात बनते देर नहीं लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही करते हुए मृतक के बारे में पताशाजी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर नरसिंहगढ़ सुनार नदी के पठार में ट्रैक्टर के साथ पड़े मिले चालक के शव की पहचान संतोष पिता पूरन (गुल्ले) पटेल निवासी हिनौता थाना बटियागढ़ के रूप में की गई है। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची और देखा घटनास्थल पर एक ट्रैक्टर खड़ा है और ट्रैक्टर के बाजू में चालक का शव भी पड़ा हुआ है। प्रथम दृष्टिया मामला नशे की हालत में ट्रैक्टर चलाने के दौरान होना माना जा रहा है। मृतक के चेचरे भाई बृजेश पटेल ने बताया कि संतोष पटेल के द्वारा कुछ दिन पर ही पूर्व नया ट्रैक्टर खरीदा था जिसे लेकर वह नदी में कैसे पहुंचा यह बताना संभव नहीं है। परंतु ट्रैक्टर से नीचे गिरने पर सर में चोट लगी है एवं घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई है। ग्रामीणों के बताएं अनुसार नदी में रात्रि के दौरान ट्रैक्टर चालक के द्वारा शराब पीकर चलाया गया है जिससे ट्रैक्टर नदी के बीच बने गहरे गड्ढे में गिर गया और उछलकर चालक नीचे पत्थर पर गिर गया और सर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर के समीप शराब की खाली बोतल भी पड़ी हुई मिली है जिससे यह प्रतीत हो रहा है नशे की हालत में ट्रैक्टर से युवक के गिरने से यह हादसा हुआ है। कुल मिलाकर ट्रेक्टर को चलाना नहीं आने के बाद भी नशे में स्टंट बाजी के चलते युवक की मौत हो जाने का अंदाजा लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस में पोस्टमार्टम करा कर सब परिजनों को सौंपते हुए जांच शुरू कर दी है।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुधवार को दमोह में सुबह 11 बजे से कलेक्टर परिसर के सामने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा विशाल जन समुदाय के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। जिसमे मुख्य रूप से महत्वपूर्ण दो बिंदुओं को शामिल किया गया जिसमें शिक्षकों की टीईटी परीक्षा के संबंध में मध्यप्रदेश सरकार भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पक्ष में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करें औरा अध्यापक शिक्षक संवर्ग की पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाशों के नगदी करण में भी उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके लाभ दिया जावे। ज्ञापन में सभी मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त संघों के जिला अध्यक्ष व पदाधिकारी की विशेष उपस्थिति रही।

### शिक्षक संघ जबेरा से सैकड़ो शिक्षक पहुंचे दमोह



**जबेरा**। मध्य प्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय , भोपाल के द्वारा विगत दिनों माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का संदर्भ देते हुए एक आदेश प्रसारित किया गया था जिसके अनुसार प्रदेश में पदस्थ प्रत्येक शिक्षकों को टेट परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा की स्थिति में उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत कर दिया जाएगा। जिसके विरोध में सम्पूर्ण प्रदेश में शिक्षक संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है ,इसी तारतम्य में शिक्षकों के द्वारा गठित संयुक्त मोर्चा के द्वारा जिला स्तर पर विगत दिवस कलेक्ट्रेट दमोह में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमे सम्पूर्ण जिले के विभिन्न विकास खंडों से बड़ी संख्या में शिक्षक ,शिक्षिकाएं विरोध प्रदर्शन हेतु पहुचे थे। उक्त प्रदर्शन में जबेरा शिक्षक संघ के सदस्य भी बड़ी संख्या में प्रदर्शन हेतु पहुँचे जिसमे सर्व श्री आर के शर्मा, देवेंद्र मिश्रा, राजेश जैन, राजेश राय, रिंकू जयंत सेन , रामेश्वर अहिरवार, सुनीला पाटकर, प्रदीप साहू, मनीष जैन, महेश विश्वकर्मा , मणिशंकर साहू , महेश साहू, रंजना वर्मा , सुनीता साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओ ने अपनी सहभागिता दी ।

## मलिन बस्ती में की गई टीबी स्क्रीनिंग



**दमोह**। टी. वी. मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 24 मार्च 2026 को हुआ, जिसमें दमोह जिले के 320 उच्च जोखिम ग्रामीण क्षेत्रों में नि_क्षय शिविर का आयोजन अंतर्गत ग्राम लाडनबाग / पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थित बंजारा घुमंतू बस्ती के अंतर्गत जहां उच्च जोखिम रहवासीयो की टी बी स्क्रीनिंग कैंप एवं ब्लड प्रेशर एवं शुगर टेस्ट भी किया गया। जिसमें 41 हितग्राहियों का चेस्ट एक्स-रे स्क्रीनिंग एवं 13 हितग्राहियों के बलगम सैंपल लिए गए। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर गौरव जैन, डीपीसी दीपक सिंह राजपूत, हेडक्वार्टर एस टी एस श्री चेतन अग्रवाल के साथ-साथ एनटीईपी स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## सांसद के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित रेल लाईन के सर्वे हेतु राशि स्वीकृत

**दमोह**। सांसद राहुल सिंह लोधी के निरंतर प्रयासों से बुंदेलखंड की बहुप्रतीक्षित रेलवे लाइन की मांग जिसमे



दमोह, हटा, खजुराहो (लंबाई - 125 किमी) एवं सागर, छतरपुर, खजुराहो, भोपाल (लंबाई - 320 किलोमीटर) की नवीन रेल लाइन के सर्वे हेतु राशि स्वीकृत की गई है। यह नई रेल लाइन डलने से संपूर्ण बुंदेलखंड में कनेक्टिविटी बनेगी, विकास होगा, व्यवसाय के नए रास्ते खुलेंगे, संपूर्ण बुंदेलखंड में आर्थिक उन्नति आएगी। इस ऐतिहासिक सौगात के लिए दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री माननीय श्री अश्विनी वैष्णव जी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत को लेकर न्यायाधीशों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को सम्पूर्ण दमोह जिले में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, विद्युत, चैक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण सहित समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु समस्त न्यायाधीशगण के साथ बैठक का आयोजन ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय दमोह में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुये प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त न्यायाधीशगण को निर्देशित किया कि वे अपने अपने न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनका निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करने का प्रयास करें, जिससे आमजन को त्वरित व सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। बैठक में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण के द्वारा आश्वस्त किया कि वे नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करेंगे। बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी उदय सिंह मरावी, नेशनल लोक अदालत सहित मुख्यालय में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण भौतिक रूप से तथा तहसीलों में पदस्थ न्यायाधीशगण वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया, कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण किये जाने पर दोनों पक्षों का विवाद सदैव के लिये समाप्त हो जाता है व लोक अदालत में पारित अवार्ड के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में अपील भी नही होती है, साथ ही सिविल प्रकरणों मे लगाया गया न्याय शुल्क वापस मिलता है। आपने सभी पक्षकारों से नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों के निराकरण करने की अपील की है।

# यह हमारे संभाग का सबसे उत्कृष्ट स्कूल होगा- विधायक

### दमोह विधायक ने किया सान्दीपनि स्कूल का निरीक्षण



**दमोह**। दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने सान्दीपनि स्कूल के विशाल परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त करेंगे। विधायक श्री मलैया ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से जिले के अन्य विद्यालयों के निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और विलंब की संभावित बाधाओं को दूर करने के प्रयास किए जाएं। विधायक श्री मलैया ने बताया कि कलेक्टर ने स्कूल प्रिंसिपल को निर्देश दिए हैं कि अगला सत्र इसी सान्दीपनि स्कूल में प्रारंभ होगा। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि उनकी ओर से पूरी तैयारी है। अभी ग्रीनीकरण, प्लांटेशन और फर्निशिंग का कार्य शेष है। उन्होने कहा, यह हमारे संभाग का सबसे उत्कृष्ट स्कूल होगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि विधायक जयंत मलैया ने सान्दीपनि स्कूल का पूरा परिसर देखा और प्रगति की समीक्षा की। उनका लक्ष्य है कि नए शैक्षणिक सत्र से स्कूल प्रारंभ हो जाए। दमोह, पथरिया और जबेरा स्कूलों का लोकार्पण जुलाई में करने की योजना है। स्कूल शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग और ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। नियमित समीक्षा से कार्य समय पर पूरा होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि जिले के लिए यह ऐतिहासिक अवसर होगा कि तीन सान्दीपनि विद्यालयों के साथ मेडिकल कॉलेज भी लोकार्पण के लिये तैयार रहेगा। उन्होने कहा सभी संबंधित विभाग जोर-शोर से तैयारियां कर रहे हैं।

# रोड अस्पताल में भारी लापरवाही

### चोपरा अस्पताल का लोकार्पण बेअस, मरीज हो रहे परेशान





**जबेरा/बनवार**। जबेरा तहसील के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। एक ओर रोड ग्राम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भारी अव्यवस्थाएं सामने आई हैं, वहीं चंडी चोपरा में हाल ही में लोकार्पित अस्पताल अभी तक कागजों में ही संचालित हो रहा है, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह द्वारा किए गए निरीक्षण में रोड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिति उजागर हुई। अस्पताल का वार्ड पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाया गया, जिसके चलते भर्ती मरीजों को गैलरी में शिफ्ट करना पड़ा। इसके अलावा अस्पताल का फ्रीजर भी लंबे समय से खराब पड़ा है और कई वर्षों से डॉक्टर की नियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह चंडी चोपरा में लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का 3 अप्रैल 2026 को लोकार्पण किया गया था। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। निरीक्षण के दौरान वहां न तो कोई डॉक्टर मिला, न नर्सिंग स्टाफ और न ही दवाइयों की उपलब्धता पाई गई। अस्पताल में तैनात चौकीदार ने बताया कि मरीज इलाज के लिए आते तो हैं, लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में उन्हें बिना उपचार के ही वापस लौटना पड़ता है। अस्पताल केवल कागजों में शुरू हुआ है, जबकि वास्तविक सेवाएं अभी तक प्रारंभ नहीं हो सकी हैं। पूरे जबेरा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई नजर आ रही हैं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मांग की है कि जल्द से जल्द व्यवस्थाओं में सुधार कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## कलेक्टर पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों का करेगें निरीक्षण

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर 09 अप्रैल को प्रातः 08 बजे विकासखंड बटियागढ़ के विभिन्न पेयजल समस्या ग्रस्त ग्रामों का भ्रमण करेगे। इस निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश देना है। निरीक्षण के दौरान बटियागढ़, गूगराकला, सौरई, जलना, इमलिया, डिलोना, गीदन, फुरताल, देवतरा, अन्गौरी टोला, बरी मडियादौ, चौपरा मडियादौ, जागुपुरा, खुटियानी रैपत एवं गर्रवा ग्राम शामिल रहेंगे। कार्यपालन यंत्री ने कलेक्टर श्री कोचर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# नाबालिक को ब्लैकमेल करने वाला सिंगरोली से गिरफ्तार



**हटा**। थाना क्षेत्र में नाबालिक को सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमेल करने वाले युवक को हटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी विगत एक वर्ष से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में था और उसे झांसे में लेकर फोन कॉल एवं वीडियो के माध्यम से आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था। अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के निर्देशन एवं हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में हटा पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि पीड़ित नाबालिक ने अपने परिजनों के साथ थाना हटा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एक युवक सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती कर विश्वास में लिया और फोन कॉल और वीडियो कॉल के जरिए और उसने आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बना लिए हैं उसके बाद आरोपी उसे लगातार फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईटीआई एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने अभय पिता दिवाकर पांडे उम्र 21 वर्ष निवासी नगवा जिला सिंगरौली उसके क्षेत्र से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया। हटा पुलिस स्टाफ से अरविंद राय कमल सिंह ठाकुर पवन पटेल तुलसीराम पटेल भगवान दास दहिया नरेंद्र तिवारी द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका रही।

# अग्रसेन महाराज की 55वीं महाआरती सम्पन्न



**दमोह**। अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की प्रत्येक में महा आरती का आयोजन फुटेरा वार्ड दो स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में किया जाता है। इसी क्रम में पंडित बृजेश पाठक के सानिध्य में महाराजा अग्रसेन की 55 की महा आरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री गणेश माता लक्ष्मी व महाराज अग्रसेन का पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात महा आरती का आयोजन हुआ और प्रसाद वितरण किया गया जिसमें जजमानी नीतू विनोद अग्रवाल के द्वारा की गई। महा आरती के संबंध में अग्रवाल महासभा के युवा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दमोह से शुरू हुई। महा आरती अब पूरे प्रदेश में धीरे-धीरे अभियान बनती जा रही है। महाआरती से जहां लोगों में समाज के प्रति जागरूकता आई है वहीं सभी का एक दूसरे से मिलना जुलना भी हो जाता है। महा आरती में मुख्य रूप से एडवोकेट विनोद अग्रवाल प्रभु नारायण अग्रवाल बबीता निशा गायत्री दीप्ति मीना रीता रेखा रिद्धि रश्मि कांति अनीता सारिका समृद्धि अदिति आदित्य की उपस्थिति रही। अगली महा आरती का आयोजन 5 मई को किया जाएगा।

## नगर का गौरवः होनहार बेटे ने बढ़ाया नगर का मान, डॉ. संभव जैन बने डॉक्टर

**तेंदूखेड़ा** । नगर के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है नगर के प्रतिभाशाली युवा डॉ. संभव जैन, पिता शरद जैन, ने भोपाल से एमबीबीएस की



डिग्री प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं समूचे नगर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके परिजनों बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। भोपाल में अपने निवास पर क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने भी डॉक्टर संभव जैन का स्वागत किया है और अपनी शुभकामनाएं दी हैं डॉ. संभव जैन की यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और निरंतर समर्पण का प्रतिफल है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जिस लगन और मेहनत से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हो, तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती।

**इस्तहार**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री महेश रजक पिता श्री खिलान रजक वार्ड क्रमांक 06 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्रं 243 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक/भवन क्र. 243 वार्ड क्रमांक 06 श्री अशोक रजक पिता श्री सोनू रजक का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नही की जावेगी दिनांक 07/04/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**